प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक : 12.11.2025 समय : 01:00 पी.एम.

..................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने भूटान दौरे के दूसरे दिन आज थिम्पू में वैश्विक शांति प्रार्थना महोत्सव में शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने भूटान नरेश जिगमेवान्चुग से भी मुलाकात की। दोनो नेताओं ने द्विपक्षीय संबधों और आपसी हितों के मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान उन्हेंाने साझा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत पर भी विमर्श किया।

..................

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सुरक्षा की दृष्टि से इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षा कडी कर दी गई है। इसके कारण सुरक्षा जांच में सामान्य से ज्यादा समय लग रहा है। इसे देखते हुए दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड–डीआईएएल ने यात्रियों को परामर्श जारी किया है। इसमें कहा गया है कि अंतिम समय में किसी तरह की परेशानी से बचने के लिए समय से पहले हवाई अड्डे पर पहुंचें। वहीं प्रदेशभर में भी एहतियातन सुरक्षा व्यवस्था कडी कर दी गई है। आरपीएफ की ओर से रेल्वे स्टेशनों, बस स्टैण्ड और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर विशेष चैकसी बरती जा रही है।

..................

भरतपुर के महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय के निलंबित कुलगुरू प्रो. रमेश चन्द्रा को पद से हटा दिया गया है। राज्यपाल और कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने कल इस बारे में आदेश जारी किये। इसके अनुसार प्रोफेसर चन्द्रा के खिलाफ पद का दुरूपयोग करने और विश्वविद्यालय को वित्तीय हानि पंहुचाने के आरोप प्रमाणित पाये गये है।

..................

आज विश्व निमोनिया दिवस है। इस संक्रामक बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए ये दिन मनाया जाता है। निमोनिया अभी भी पांच साल से कम उम्र के बच्चों में मृत्यु का बडा कारण बना हुआ है। इसीलिए इस वर्ष की थीम चाईल्ड सर्वाइवल रखी गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने विश्‍व निमोनिया दिवस के मौके पर हर बच्चे को निमोनिया से बचाने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री नड्डा ने बताया कि सरकार ने मजबूत स्वास्थ्य प्रणालियों और सामुदायिक जागरूकता के माध्यम से बच्चों में निमोनिया कम करने के लिए कई पहल शुरू की है।

..................

अजमेर में आज एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार दुर्घटना नसीराबाद किशनगढ नेशनल हाईवे 48 पर खेडा तिराहे के पास कार और ट्रेलर के बीच टक्कर से हुई। हादसे में कार सवार युवक युवती की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

..................

जीएसटी बचत उत्सव पर भीलवाडा में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मेवाड चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स के महासचिव ने बताया कि इसमें भीलवाडा सहित अन्य स्थानों के उद्यमी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में जीएसटी कटौती से उद्यमियों को होने वाले फायदों के बारे में बताया जाएगा। इस कार्यक्रम में उद्यमियों को जीएसटी से होने वाले फायदों के बारे में बताया जायेगा।

..................

पहाडी राज्यों में हुई बर्फबारी से चल रही उत्तरी हवाओं का असर प्रदेश में बरकरार है। इससे कई शहरों में रात के तापमान में गिरावट आई है। मौसम विभाग के अनुसार आज 11 शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सैल्सियस से नीचे पंहुच गया। सिरोही में रात का पारा साढे सात डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड हुआ। इसके अलावा सीकर, फतेहपुर, नागौर सहित कई शहर जम्मू कश्मीर और मसूरी के पर्वतीय स्थलों से भी ज्यादा ठण्डे हो गए है। विभाग के अनुसार सीकर और नागौर में हल्की शीतलहर महसूस की गई। आने वाले कुछ दिन इसी तरह सर्द बने रहने की संभावना है। सीकर में अगले चार दिनों और टोंक में कल एक दिन के लिए शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच हनुमानगढ़ सहित कुछ अन्य स्थानों पर कोहरे का असर लगातार बना हुआ है।

..................

वंदे मातरम /150 थीम पर भरतपुर के राजकीय आदित्येन्द्र महाविद्यालय में मल्टीमीडिया प्रदर्शनी लगाई गई है। केन्द्रीय संचार ब्यूरो जयपुर की ओर से लगाई गई इस प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों के बारे में बताया जा रहा है। प्रदर्शनी में डिजिटल इंडिया, रक्षा नवाचारों और भारतम मिशन से जुडे जोन भी बनाये गये है।

..................

आज लोक सेवा प्रसारण दिवस है। यह दिन हर साल 12 नवंबर को राष्ट्रपिता और स्वतंत्रता सेनानी महात्मा गांधी के रेडियो के माध्यम से दिए गए ऐतिहासिक संबोधन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

..................

प्रदेश में भगवान बिरसा मुंडा की डेढ सौ वी जयंती के उपलक्ष्य में आज स्वास्थ्य जागरूकता और चिकित्सा शिविर लगाये जा रहे है। इन ब्लॉक स्तरीय शिविरों में निशुल्क स्वास्थ्य जांच की जा रही है। इसी कडी में भरतपुर के आंगनबाडी केन्द्रों पर शिविरों में महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श के साथ उनके पोषण स्तर की भी जांच की जा रही है। उधर हनुमानगढ़ में भी इन शिविरों में स्वास्थ्य जांच और परामर्श दिया जा रहा है।

..................

बालोतरा में मतदाता जागरूकता की पहल के तहत बाल संसद का गठन किया गया है। बाल संसद का उद्देश्य विद्यार्थियों को नेतृत्व क्षमता और लोकतांत्रिक मूल्यों के बारे में जागरूक करना है। इसमें बच्चों को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम और मतदान के महत्व की जानकारी दी जा रही है।

..................